BAR ASSOCIATION DEHRADUN

क्र. 13331





1

# विक्रयपत्र

| | |
|---|---|
| मालियत विक्रय पत्र | 2,68,000/- |
| बाजारी मूल्य, जिस पर स्टाम्प दिया है | 2,68,000/- |
| स्टाम्प शुल्क | 12,100/- |
| आवास विकास शुल्क | सहित |
| स्टाम्प शीट | 6 |
| कुल स्टाम्प का योग | 12,100/- |

हम कि/मैं कि -श्री दीपक यादव पुत्र श्री तुलसी राम यादव निवासी 51/1, चन्दर नगर, देहरादून (उत्तराखण्ड) -विक्रेता

निम्नलिखित सम्पत्ति वाके विक्रीत भूमि मुख्य हरिद्वार रोड़ से डेढ़ किलोमीटर से अधिक दूर तथा मुख्य रिंग रोड़ (पोस्ट ऑफिस के बाद रायपुर रोड़ तक के बीच) से 51 मीटर से 350 मीटर के अन्तर्गत मौजा नत्थनपुर परगना परवादून जिला देहरादून में स्थित है।

के मालिक व काबिज है और हमारी यह सम्पत्ति हर प्रकार के भार व रहन से मुक्त है उसको श्रीमती नीलम यादव पत्नी स्व0 श्री गोविन्द यादव निवासी- 51/1, चन्दर नगर, देहरादून (उत्तराखण्ड) -क्रेता को

विक्रय कर दिया है बदले में विक्रय धन 2,68,000/-रुपये को लेखानुसार वसूल पा लिया है।

विवरण सम्पत्ति- अंत में दिया गया है।

नीलम

Deepak Yadav

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

दस हज़ार रुपये

10000

Rs. 10000

TEN THOUSAND RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA



राखण्ड UTTARAKHAND

727936

8 APR 2010

र्गत किया
ड सं० 001

विक्रयपत्र

यह विक्रयपत्र श्री दीपक यादव पुत्र श्री तुलसी राम यादव निवासी 51/1, चन्दर नगर, देहरादून (उत्तराखण्ड) —विक्रेता

एवं

श्रीमती नीलम यादव पत्नी स्व0 श्री गोविन्द यादव निवासी- 51/1, चन्दर नगर, देहरादून (उत्तराखण्ड) —क्रेता

के मध्य निष्पादित किया गया है।

इस विक्रयपत्र में विक्रेता व क्रेता में उनके उत्तराधिकारी, स्थानापन्न एवं हित प्रतिनिधि आदि भी शामिल हैं और सदैव शामिल समझे जायेंगे।

विदित हो कि भूमि खसरा नम्बर 716, रकबा 305 वर्गमीटर, स्थित मौजा नत्थनपुर, जिला देहरादून के पूर्व स्वामी श्री जगदीश प्रसाद खन्तवाल पुत्र श्री मलूक राम खन्तवाल निवासी बनखण्डी पट्टी बदलपुर तल्ला, पा0आ0 असनूखेत लैन्सडाउन जिला पौड़ी गढ़वाल थे जिनसे उक्त भूमि को श्री ओ0पी0 द्विवेदी (ओ0पी0 शर्मा) पुत्र स्व0 श्री पी0डी0 द्विवेदी ने बजरिए पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 19-04-2005 को क्रय की थी, जो उक्त विक्रयपत्र कार्यालय सब-रजिस्ट्रार देहरादून में बही नंबर-1 जिल्द-1337 के पृष्ठ-784 व एडी0 फा0 बुक-1 जिल्द-1488 के पृष्ठ-85 से 96 में नंबर 2520 पर दिनांक 20-04-2005 को दर्ज है।

विदित हो कि तत्पश्चात् विक्रेता ने उक्त भूमि श्री ओ0पी0 द्विवेदी (ओ0पी0 शर्मा) पुत्र स्व0 श्री पी0डी0 द्विवेदी जिसका पूर्ण विवरण अंत में दिया गया है, से बजरिए पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 13-03-2007 ई0 क्रय की है। उक्त विक्रयपत्र कार्यालय सब-रजिस्ट्रार देहरादून में बही नंबर-1 जिल्द-1766 के पृष्ठ-166 व एडी0 फा0 बुक-1 जिल्द-1802 के पृष्ठ-327 से 338 में नंबर 2582 पर दिनांक 14-03-2007 को दर्ज है। विक्रेता का नाम राजस्व अभिलेखों के खाता खतौनी संख्या-852 फसली वर्ष

नीलम

D. Yadav

भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये Rs. 500

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

उत्तरांचल UTTARANCHAL A 824875



कोषागार, देहरादून (उत्तरांचल)
8 APR 2010
निर्गत किया
कोड सं. 001

1411-1416 फसली में बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज हो चुका है। जिसके विक्रेता एकुमात्र मालिक व काबिज है। उक्त कुल भूमि का एक भाग क्षेत्रफल 960.64 वर्गफुट यानी 89.24 वर्गमीटर, आज इस विक्रयपत्र से क्रेता को विक्रय किया जा रहा है। विक्रेता को विक्रीत भूमि हर प्रकार से विक्रय आदि करने के पूर्ण अधिकार मालिकाना प्राप्त है। उसका अन्य कोई भागीदार व साझीदार आदि नही है।

विदित हो कि विक्रीत भूमि आज तक हर प्रकार के भार बन्धन, रहन, विक्रय, दान, वसीयत, ऋण सरकारी व गैर सरकारी तथा हर प्रकार के वाद विवादों से सर्वथा मुक्त है और आज तक कही रहन व बेय आदि नही की हुई है।

अतः विक्रेता ने विक्रीत भूमि, जिसका पूर्ण विवरण इस विक्रयपत्र के अंत में दिया गया है, उपरोक्त क्रेता **श्रीमती नीलम यादव पत्नी स्व0 श्री गोविन्द यादव** निवासी- 51/1, चन्दर नगर, देहरादून (उत्तराखण्ड) को मय अधिकार मालिकाना, भूमिधरी, रास्ता, आवागमन व उन समस्त अधिकारों व सुखाधिकारों सहित कि जो-जो भी अधिकार व सुखाधिकार आज तक विक्रेता को विक्रीत भूमि में प्राप्त है अथवा भविष्य में प्राप्त होने सम्भव है, उन सबकी कुल मुबलिग 2,68,000/-दो लाख अड़सट हजार रुपये मात्र में पूर्ण रुप तथा हर प्रकार से विक्रय कर दी है यानी बेच दी है और क्रेता ने भी विक्रेता के स्वामित्व व मौके पर भूमि की पैमायश आदि कर अपनी पूर्ण सन्तुष्टि कर भूमि क्रय कर ली है। विक्रेता को क्रेता से कुल विक्रयमूल्य मुबलिग 2,68,000/-दो लाख अड़सट हजार रुपये नगद प्राप्त हो गया है, जिसकी प्राप्ति विक्रेता एतद्द्वारा स्वीकार करते है, शेष कुछ लेना नही रहा है। विक्रेता ने आज क्रेता को विक्रीत भूमि का खाली, मालकाना व वास्तविक कब्जा मौके पर अपने समान अपने सामने सौंप दिया है व अपना कब्जा उठा व हटा लिया है। आज से क्रेता को अधिकार होगा कि वह विक्रीत भूमि से

नीलम

Deepak Yadav

भारतीय गैर न्यायिक
भारत INDIA
Rs. 500 FIVE HUNDRED RUPEES
पाँच सौ रुपये Rs. 500
सत्यमेव जयते
INDIA NON JUDICIAL

उत्तरांचल UTTARANCHAL A 8248



कोषागार, देहरादून (उत्तराखण्ड) 6 APR 2010 निर्गत किया कोड सं. 001

जिस प्रकार चाहे, लाभ उठावे, हर प्रकार से अपने उपयोग व उपभोग आदि में लावे, रहन, विक्रय, दान, वसीयत आदि करें, मानचित्र स्वीकृत कराए, भवन निर्माण आदि करें, बिजली-पानी कनेक्शन आदि प्राप्त करें, कागजात माल आदि में अपना नाम अंकित करावे, विक्रेता को कोई आपत्ति नहीं होगी। विक्रीत भूमि पर आज तक के जो भी लगान/कर आदि देय हैं, उन सब के अदा करने की जिम्मेदारी विक्रेता की है, आज के बाद से क्रेता अदा करेगें। यदि क्रेता को भविष्य में विक्रेता से विक्रीत भूमि के स्वामित्व, अधिकार व कब्जे आदि की पुष्टि हेतु कोई अन्य लेख आदि लिखाने की आवश्यकता हुई तो विक्रेता ऐसा लेख क्रेता के व्यय व उसकी पूर्व लिखित सूचना पर लिखने के लिए सदैव तैयार रहेगें।

यदि विक्रेता के स्वामित्व अधिकार में कमी पाई जाने के कारण अथवा भार बन्धन आदि भविष्य में प्रकट होने के कारण कुल विक्रीत भूमि अथवा उसका कोई भाग क्रेता के अधिकार, स्वामित्व अथवा कब्जे आदि से निकल जाये तो क्रेता को अधिकार होगा कि वह निकल गई संपत्ति के अनुपात का यथार्थ मूल्य अपने हरजे व खर्चे आदि सहित विक्रेता से तथा उसकी अन्य चल एवं अचल संप्रति से जिस प्रकार चाहे, वसूल कर लें विक्रेता को कोई आपत्ति नही होगी।

वांछित विवरण

किस्म दस्तावेज- विक्रयपत्र
मालियत विक्रयपत्र - 2,68,000/-रुपए
सर्किल रेट से मूल्यांकन- 2,68,000/-रुपए
मूल्यांकन जिस पर स्टाम्प दिया गया है- 2,68,000/-रुपए
प्रमुख क्षेत्र -ग्रामीण क्षेत्र- मौजा नत्थनपुर परगना परवादून जिला देहरादून
संपत्ति का प्रकार - आवासीय

नीलम

Deepak Yadav

भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये Rs. 500

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

उत्तरांचल UTTARANCHAL A 824877

5

कोषागार, देहरादून (उत्तराखण्ड)
8 APR 2010
निर्गत किया
कोड सं. 001

विक्रीत क्षेत्रफल- 960.64 वर्गफुट यानी 89.24 वर्गमीटर, विक्रेता अनुसूचित जाति या जनजाति के नही है। विक्रेता व क्रेता के मध्य विक्रीत भूमि की बाबत कोई पूर्व लिखित पंजीकृत अनुबंध नही हो रखा है। विक्रीत भूमि नगरनिगम सीमा के बाहर स्थित है। विक्रीत भूमि में कोई पेड़, बाग अथवा निर्माण आदि नही है। विक्रीत भूमि मुख्य हरिद्वार रोड़ से डेढ किलोमीटर से अधिक दूर तथा मुख्य रिंग रोड़ ( पोस्ट आफिस के बाद रायपुर रोड़ तक के मध्य) से 51 मीटर से 350 मीटर के अन्तर्गत मौजा नत्थनपुर परगना परवादून जिला देहरादून में स्थित है। निर्धारित सर्किल रेट मुबलिग 3000/-रुपये प्रति वर्गमीटर की दर से विक्रीत भूमि की कीमत 2,68,000/-रुपए आती है। जिस पर 4.5 प्रतिशत की दर से स्टाम्प शुल्क 12,100/-रुपये अदा किया गया है।
क्रेता के पिता के नाम वर्ष 2003 से पूर्व मौजा देहरा खास, देहरादून, उत्तराखण्ड खसरा नम्बर 873, में रकबा 0.045 एकड़ भूसम्पत्ति वर्ष 1983 से है। क्रेता व विक्रेता द्वारा यह भूमि को क्रय-विक्रय करने हेतु उत्तरांचल सरकार द्वारा पारित अधिनियम के अनुसार सभी नियमों का पालन किया गया है।

विवरण विक्रीत भूमि

एक खुला भूखण्ड, भूमिधरी भूमि खाता खतौनी संख्या-852 फसली वर्ष 1411-1416 फसलीका भूमि खसरा नम्बर- 716, का भाग रकबा 960.64 वर्गफुट यानी 89.24 वर्गमीटर, (नवासी दशमलव दो चार वर्गमीटर)स्थित मौजा नत्थनपुर, परगना परवादून जिला देहरादून, जो सलग्न मानचित्र में लाल रंग से दर्शित है, जिसकी सीमाएं निम्न है-

भारतीय गैर न्यायिक

भारत INDIA

रु. 500 FIVE HUNDRED RUPEES

पाँच सौ रुपये Rs. 500

सत्यमेव जयते

INDIA NON JUDICIAL

उत्तरांचल UTTARANCHAL

A 824878

कोषागार, देहरादून (उत्तराखण्ड)
8 APR 2010
निर्गत किया
कोड सं. 001




पूरब में - 22 फुट चौड़ा रास्तासीमा नाप 24 फुट 2 इंच
पश्चिम में- भूमि श्री चण्डी प्रसाद नवानी
सीमा नाप 24 फुट 2 इंच
उत्तर में - भूमि विक्रेता सीमा नाप 40 फुट 6 इंच
दक्षिण में - भूमि श्री विजयपाल सिंहसीमा नाप 39 फुट

अतः यह विक्रयपत्र अंकित कर दिया कि प्रमाण रहे और समय अनुसार काम आए। इति लिखित दिनांक 12-04-2010 स्थान देहरादून। विक्रेता एवं क्रेता ने एक दूसरे की पहचान स्वंय की है।

विक्रेता का नाम एवं पता : श्री दीपक यादव पुत्र श्री तुलसी राम यादव निवासी 51/1, चन्दर नगर, देहरादून (उत्तराखण्ड)


बायें हाथ की अंगुलियों के चिन्ह :

अंगुष्ठ तर्जनी मध्यमा अनामिका कनिष्ठिका



दायें हाथ की अंगुलियों के चिन्ह :

अंगुष्ठ तर्जनी मध्यमा अनामिका कनिष्ठिका



...k Yadav Deepak Yadav

12/4/10

आशीष अग्रवाल
स्टाम्प विक्रेता
लाइसेन्स नं.-97
देहरादून



विक्रेता



क्रेता



गवाह



बही न. 1 जिल्द 3280 पृष्ठ 107 से 122

में न. 2887 पर आज दिनांक 12/04/2010 में रजिस्ट्री की गई ।

उप निबन्धक सदर-1 देहरादून


सत्यमेव जयते
उत्तरांचल

स्थल मानचित्र एक खुला भूखण्ड, भूमिधरी भूमि खाता खतौनी संख्या-852 फसली वर्ष 1411-1416 फसली का भूमि खसरा नम्बर- 716, का भाग रकबा 960.64 वर्गफुट यानी 89.24 वर्गमीटर, (नवासी दशमलव दो चार वर्गमीटर) स्थित मौजा नत्थनपुर, परगना परवादून जिला देहरादून,

विक्रेता - श्री दीपक यादव पुत्र श्री तुलसी राम यादव

क्रेता - श्रीमती नीलम यादव पत्नी स्व0 श्री गोविन्द यादव

(Not to Scale)




ह0 Deepak Yadav विक्रेता

ह0 नीलम क्रेता